**SL. No. : X**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 ]
Total No. of Questions : 50 ]

**CCE RF**
**CCE RR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H** **Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh + Regular Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 30. 03. 2017 ] [ Date : 30. 03. 2017
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 67 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 11 × 1 = 11

1. पुरुषोत्तम की पत्नी कौन थी ?
2. भ्रष्टाचार, सदाचार कहाँ होता है ?
3. महात्मा गाँधीजी ने सत्याग्रह आश्रम की नींव कहाँ रखी ?
4. लोटा कितने रुपयों में बिका ?
5. मैसूरु राज्य कब से 'कर्नाटक राज्य' कहलाने लगा ?
6. केवट किसकी सौगन्ध लेता है ?
7. मीरा अपने आपको किसकी दासी मानती है ?
8. अनदेखे अरूप ने कवि अज्ञेयजी से क्या उधार माँगा ?
9. बड़े भाई साहब एक साल का काम कितने सालों में करते थे ?
10. लाहौर से सहारनपुरवाली यात्रा में यात्री किस पहेली को सुलझाने की चेष्टा कर रहे थे ?
11. आज के युग को क्या कहकर सम्बोधित किया जाता है ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 9 × 2 = 18

12. रुपया लड़कों के लिए क्या है ? वह बूढ़ों का सहारा कैसे बन सकता है ?
13. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।
14. बच्चों की बुनियादी आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ?
15. प्रेमचन्दजी ने नारी के महत्व को बताते हुए क्या लिखा है ?
16. स्वच्छ शिला पर कौन और क्यों बैठा है ?
17. जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ?
18. पिछड़ा आदमी अलग बैठा क्या करता था ? वह कब मारा गया ?
19. टाइम टेबल बनाने से क्या समस्या हुई थी ?
20. विज्ञान मानव के लिए वरदान है । समर्थन कीजिए ।

III. निम्न वाक्यों के संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $4 \times 3 = 12$

21. "पूजा के पश्चात् भोजन तक मैं किसी वस्त्र आदि का स्पर्श नहीं करता ।"

    i) पाठ का नाम :

    ii) लेखक का नाम :

    iii) व्याख्या :

22. "इस विशाल विश्व में यदि कोई ईश्वर हो तो मैं हूँ, धर्म हो तो मैं हूँ, प्रेम हो तो मैं हूँ ।"

    i) पाठ का नाम :

    ii) लेखक का नाम :

    iii) व्याख्या :

23. "घायल की गति ....................................................

    ............................................... जिण जौहर होय ।"

    i) कवयित्री का नाम :

    ii) पद्य का नाम :

    iii) व्याख्या :

24. सारे जहाँ से .........................................................

    ................................................... गुलसिता हमारा ।

    i) कवि का नाम :

    ii) पद्य का नाम :

    iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

25. हरिशंकर परसाई :

    i) जन्म-काल :

    ii) कृतिया :

    iii) अन्य जानकारियाँ :

26. तुलसीदास :

    i) जन्म-काल :

    ii) कृतियाँ :

    iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

27. आसरा मत ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.......................................................................... में राग ।

**अथवा**

राग से ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.......................................................................... अपनी चाल ।

VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

28. जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग ।
चन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग ।।

**अथवा**

सबसे उधार माँगा, सबने दिया,
यों मैं जिया और जीता हूँ,
क्योंकि यही सब तो है जीवन ।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **छः-सात** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

29. जहाँगीरी अण्डे के बारे में अंग्रेज ने क्या बताया ?

**अथवा**

चम्पारण की समस्या क्या थी ? गाँधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया ?

30. वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?

**अथवा**

राष्ट्र की प्रगति में 'स्त्री शिक्षा' का क्या महत्व है ?

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **छः -सात** वाक्यों में लिखिए : 4

31. माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ?

## विभाग "B"

## व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

32. 'जननी' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) जनाब (B) जनन

(C) जनक (D) जानक ।

33. 'सफल' शब्द का विलोम शब्द है

(A) विफल (B) सबल

(C) साफल्य (D) पराजित ।

34. 'टोकरी' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) टोकरीयाँ (B) कई टोकरी

(C) टोकरों (D) टोकरियाँ ।

35. 'कण्ठ' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) सिर (B) गला

(C) पैर (D) ज़बान ।

36. 'सुन्दर' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है

(A) शानदार (B) सुन्दरता

(C) सुन्दरी (D) सौन्दर ।

37. 'बेईमान' रेखांकित वर्ण इनमें है

(A) उपसर्ग (B) प्रत्यय

(C) क्रिया (D) धातु ।

38. 'देशोत्थान' शब्द, किस संधि का उदाहरण है ?

(A) वृद्धि संधि (B) दीर्घ संधि

(C) यण् संधि (D) गुण संधि ।

39. बेटा, जल्दी चलो । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(A) विशेषण (B) क्रिया

(C) क्रिया विशेषण (D) सर्वनाम ।

40. गुरुजी ने कहा ........... सबको सच बोलना चाहिए । रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

(A) के (B) कि

(C) की (D) से ।

41. 'चलना' किस क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है ?

(A) चलाना (B) चाल

(C) चलवाना (D) चलन ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

42. धर्मरक्षा : तत्पुरुष समास :: त्रिपुण्ड : ......................................... ।

43. का : सम्बन्ध कारक चिह्न :: ने : ......................................... ।

44. हम : सर्वनाम :: कृष्ण : ................................. ।

45. किशन फल खाएगा : भविष्यत् काल :: किशन फल खा रहा : ............................... ।

XI. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

46. तनिक सीत जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।

XII. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

47. मनि मुन्दरी मन मुदित उतारी ।

## विभाग "C"

## रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

48. (a) हाथ बँटाना :

(b) तिलांजली देना :

XIV. 49. पत्र लेखन : $1 \times 5 = 5$

अपनी पढ़ाई की जानकारी देते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी अस्वस्थता का कारण बताकर चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

50. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) मेरे प्रिय नायक

ii) प्रदूषण की समस्या

iii) दीपावली ।